
# Year 1 Phonics Screening Check

Information for parents and carers




# कक्षा 1 फोनिक्स स्क्रीनिंग चेक

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

## फोनिक्स क्या होते हैं?

अक्षरों और ध्वनियों की बीच के संबंध को फोनिक्स कहते हैं और यह पढ़ना सीखने के लिए अहम है। कुछ बच्चे पढ़ना सीखने में संघर्ष करते हैं इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि ऐसे बच्चों की जल्दी से पहचान की जाए। इस तरह, टीचर किसी ऐसी विशिष्ट सहायता के लिए योजना बना सकते हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता हो सकती है।

### कक्षा 1 फोनिक्स स्क्रीनिंग चेक क्या है?

कक्षा 1 फोनिक्स स्क्रीनिंग चेक एकराज्य-व्यापी लघु आकलन है जिससे टीचरों को पता चलता है कि आपकी संतान फोनिक्स में कैसे प्रगति कर रही है। यह स्क्रीनिंग चेक अवलोकन करता है कि आपकी संतान अलग-अलग अक्षर संयोजनों के साथ अंग्रेज़ी कैसे पढ़ सकती है। आपकी संतान किसी टीचर के साथ बैठेगी और उससे 40 शब्द ज़ोर-ज़ोर से पढ़ने के लिए कहा जाएगा। इन शब्दों में 20 वास्तविक शब्द और 20 निरर्थक शब्द शामिल होंगे। निरर्थक शब्दों का प्रयोजन यह देखना है कि क्या विद्यार्थी किसी शब्द को पढ़ने में उस शब्द को पहले देखे होने की अपनी स्मरणशक्ति की बजाए ध्वनियों को मिलाने की अपनी जानकारी का प्रयोग कर सकता है। इस टेस्ट में आम-तौर पर 5-7 मिनट का समय लगता है। यदि आपकी संतान संघर्ष कर रही होगी तो टीचर इस चेक (जाँच) को रोक देगी। इस चेक को ध्यानपूर्वक इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि यह आपकी संतान के लिए तनावपूर्ण न हो।

कक्षा 1 फोनिक्स स्क्रीनिंग चेक का मुख्य उद्देश्य आपकी संतान की टीचर को ऐसी जानकारी प्रदान करना है जो उन्हें आपकी संतान की शिक्षा-प्राप्ति के लिए योजना बनाने देगी। टीचर द्वारा हर बच्चे/बच्ची का व्यक्तिगत रूप से आकलन किया जाता है और कक्षा 1 के सभी विद्यार्थियों का आकलन किया जाएगा।

### फोनिक्स क्यों महत्वपूर्ण होते हैं?

फोनिक्स का ज्ञान और कौशल अंग्रेज़ी पढ़ना और लिखना सीखने के लिए अत्यावश्यक है। सफल होने के लिए, विद्यार्थियों को व्यक्तिगत अक्षरों या अलग-अलग अक्षर संयोजनों द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाली ध्वनियाँ, और शब्द पढ़ने के लिए इन ध्वनियों को मिश्रित करने का कौशल सीखने की ज़रूरत होती है। पढ़ना सीखने वाले विद्यार्थियों को यह सीखने की ज़रूरत है कि ध्वनियों को शब्दों में जल्दी से और बिना रुकावट के कैसे मिलाना है, ताकि पढ़ने के प्रवाह और पाठ की उनकी समझ में बाधा न पड़े।

यदि कक्षा 1 फोनिक्स स्क्रीनिंग चेक के संबंध में आपके कोई सवाल हैं तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।

### टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि स्कूल से संपर्क करने में आपको दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर कॉल करें, ऑपरेटर को वह भाषा बताएँ जिसकी आपको ज़रूरत है और उनसे स्कूल को फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर दुभाषिए को फोन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।